**खबर संक्षेप**

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रत्नेश दुबे



**मण्डला।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद में प्रदेश उपाध्यक्ष पद में मंडला जिले के वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश दुबे को नियुक्त किया गया है। मंडला जिला ईकाई अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि श्री दुबे वर्तमान में दैनिक भास्कर अखबार में कार्यरत हैं। सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी अनेक सामाजिक साहित्यिक सांस्कृतिक धार्मिक संगठनों में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाने वाले एवं वर्तमान में पत्रकारिता के हितों के लिए समर्पित व्यक्तित्व की नियुक्ति से संगठन को नई उर्जा मिलेगी। वहीं मंडला जिला ईकाई ही नही संभाग ईकाई भी मजबूती से काम कर सकेगी। इनकी नियुक्ति पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, राजीव उपाध्याय, संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, पंडित आलोक पाठक, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गुड्डा अग्रवाल, ग्रह निर्माण समिति के सुरेश कामले, परिवार कल्याण प्रकोष्ठ के उत्पल कांत शर्मा, संभागीय अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा, जबलपुर जिलाध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला, प्रदेश सचिव संतराम केवड़े सहित पत्रकारों ने बधाई दी है।

### कलेक्टर के निर्देश पर पीड़ित को मिली राहत

# खेत का नक्शा मिला तत्काल

* पहले किया गया आवेदन हो गया था निरस्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जो दूरदराज क्षेत्र के पीड़ित अपनी समस्याएं लेकर आते हैं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने मण्डला कलेक्टर सोमेश मिश्रा प्रयासरत रहते हैं और यही कारण है कि बहुत से शिकायतकर्ताओं की समस्या का निराकरण उनके सामने ही हो जाता है।

ऐसा ही एक प्रकरण मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सामने आया जब निवास तहसील के ग्राम पाठा देवगांव के निवासी प्रहलाद मोंगरे अपनी समस्या लेकर पहुंचे उनकी समस्या थी कि उन्होंने खेत की नकल के लिये आवेदन किया था लेकिन उनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया था। समस्या का समाधान न मिलने पर देवगांव निवासी प्रहलाद मोंगरे को जिला मुख्यालय में जनसुनवाई में आना पड़ा उन्होंने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या बताई और उनकी समस्या को गंभीरता से सुनने के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये कलेक्टर के निर्देश मिलते ही अधिकारी सचेत हुये और उन्होंने उसी समय लोक सेवा केन्द्र मण्डला में नया आवेदन कराया और कुछ ही देर बाद प्रहलाद मोंगरे को मांगा गया खेत का नक्शा प्राप्त हो गया।

प्रहलाद मोंगरे इस निराकरण से और अपनी समस्या का समाधान हो जाने से खुश होकर आभार व्यक्त करते हुये अपने गांव को गये।

अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर वह कौन सा कारण था जिसके चलते नक्शे के लिये पहले किया गया आवेदन निरस्त कर दिया गया था यदि कोई खामी थी तो फिर दोबारा कलेक्टर के निर्देश पर आवेदन करने पर समस्या का समाधान तुरंत कैसें हो गया। जिस तरह प्रहलाद मोंगरे के साथ हुआ ऐसा जिले में सैंकड़ों ग्रामवासी हैं जिनके साथ रोजाना इस तरह की समस्या अधिकारियों द्वारा निर्मित की जाती है क्या इन सभी के लिये इन ग्रामवासियों को जनसुनवाई में आना पड़ेगा?

क्या इस तरह की सभी समस्याओं के लिये कलेक्टर मण्डला को निर्देश देना होगा? क्या इस तरह की समस्या के समाधान के लिये अधिकारियों को इसी तरह प्रेरित करना होगा? या फिर जो शासन-प्रशासन ने नियम तय कर रखे हैं उसके अनुसार स्वविवेक से अधिकारी जनहित में अपने कर्तव्य निभाते रहेंगे।

# उत्तरवाहिनी परिक्रमा में निकले नर्मदा प्रेमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महिष्मति नगरी शहर की महिमा व गरिमा माँ नर्मदा से हैं। किसी काल में नर्मदा जी दुप्टा संगम से सीधे नारायणगंज निकल जाती थी। भगवान वेदब्यास की कृपा से मैया ने अपना मार्ग बदलकर महिष्मति नगरी में मंडलाकार रचना करते हुये अपना आशीर्वाद प्रदान किया। मैया के उत्तरवाहिनी प्रवाह का आर्शीवाद भी तभी से प्राप्त हुआ यह उत्तरवाहिनी प्रवाह हजारों वर्षों से हैं कुछ वर्ष पूर्व जब पूज्य संतों ने शहर के लोगों को उत्तरवाहिनी प्रवाह की जानकारी दी तब से महिष्मति उत्तरवहिनी परिक्रमा शुरू हो गई अभी तक यह केवल चैत्र महीने में करते थे परंतु इस वर्ष शहर के कुछ श्रद्धालुओं ने उत्तरवाहिनी परिक्रमा मार्ग की दिव्यता को आत्मसात करने के उद्देश्य से अभी ही उत्तरवाहिनी परिक्रमा कर रहे हैं 13 दिसंबर को सुबह 7 बजे शहर के 25 धर्मप्रेमियों ने सामूहिक परिक्रमा करने श्री व्यास नारायण मंदिर किला घाट मंडला पहुंचे उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के सुधीर कांसकार ने समूह को पूरा रूट चार्ट समझाया एवं पंडित रामायण दुबे ने संकल्प पूजन करवाकर तट परिवर्तन हेतु रवाना किया यह समूह पिछले 4-5 वर्षों में पहला समूह हैं जो चैत्र माह के अलावा आया हैं इस समूह के लोगों से चर्चा करने के पश्चात लगा कि यदि यह परम्परा शुरू हुई तो वर्ष भर उत्तरवाहिनी परिक्रमा के लिये श्रृद्धालुओं का मंडला आगमन होगा।

## विधायक प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन



**मण्डला।** ग्राम पंचायत बढ़ार अंतर्गत ग्राम सेमीकॉल में आयोजित विधायक प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था उक्त प्रतियोगिता कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके के दिशा निर्देश पर आयोजित कराई गई थी। जिसका समापन समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री सरपंच श्रृद्धा उईके मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी खिलाडियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है बल्कि अनुशासन टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने युवाओं से खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और आगे बढक़र क्षेत्र जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी, ग्राम पंचायत बढ़ार के सरपंच गंगाराम मरावी, जनपद सदस्य पवन उइके, पूर्व सरपंच, ग्राम सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा का आयोजन



**मण्डला।** जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव में किया गया है आज दिनांक 13 /12 /25 को केंद्र अध्यक्ष दीपक कछवाहा के संचालन में कुल आठ कक्षाओं में 288 बच्चों की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है जिनमें से कुल 262 बच्चे उपस्थित हुए एवं 26 बच्चे अनुपस्थित पाए गए 24 बच्चों पर एक परीक्षक की स्थिति होने पर कल 13 परीक्षकों की नियुक्ति की गई इस दौरान नवोदय विद्यालय से सीएल ओ श्री शरद जायसवाल सर पूर्ण समय उपस्थित होकर परीक्षा का संचालन एवं आयोजन का निरीक्षण करते पाए गए परीक्षा में नकल प्रकरण शून्य रहा परीक्षा के दौरान टीआई थाना मोहगांव श्री वेदराम हिनौते सर ने भी परीक्षा संचालन की सभी कक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्था और निरीक्षण किया सभी छात्राएं विधिवत परीक्षा में सम्मिलित हुए सभी समीक्षा छात्रों को परीक्षा केंद्र अध्यक्ष दीपक कछवाहा और उत्कृष्ट विद्यालय शाला परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शादी की 50वीं सालगिरह में श्रीमद्भागवत पुराण का आयोजन

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नर्मदा लॉज एवं अग्रवाल किराना एवं जनरल स्टोर्स के संचालक पवन अग्रवाल और उनकी पत्नि श्रीमति चंदा अग्रवाल की शादी की 50वीं वर्षगांठ पर श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है अग्रवाल परिवार द्वारा इस आयोजन का प्रारंभ 11 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ कलश यात्रा उनके निज निवास से कथा स्थल महिष्मती घाट तक निकाली गई कलश यात्रा में परिवारजन के अलावा बड़ी संख्या में भगवत प्रेमी श्रद्धालुजन शामिल हुये 11 दिसम्बर को ही माँ नर्मदा की महाआरती का आयोजन किया गया और आरती के उपरांत शादी की 50वीं सालगिरह मना रहे पवन अग्रवाल एवं उनकी पत्नि श्रीमति चंदा अग्रवाल को सभी शुभचिंतकों ने शुभकामनायें दी। 11 दिसम्बर को कथा के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का महात्मय बताया गया दूसरे दिवस शुक्रवार को श्रीमद् भागवत निर्माण, शुकदेव जन्म एवं परीक्षित श्राप की कथा श्रवण कराई गई। कल 13 दिसम्बर दिन शनिवार को बिदुर चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं कपिल अख्यान की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई गई संगीतमय कथा एवं प्रवचन प्रतिदिन 02 बजे से 05 बजे तक कथा व्यास पंडित दिवाकर चौबे के द्वारा श्रवण कराये जा रहे हैं पूर्ण आहूति हवन एवं महाप्रसादी का वितरण 18 दिसम्बर को होगा।





## रेलवे अधिकारी 13 वर्षो से कर रहे गुमराह



**मण्डला।** बीते दिनों संदेश पटैल ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए रेलवे विभाग पर आरोप लगाए हैं। संदेश पटेल पिता कमलेश पटेल आयु 26 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी बंजर तह. व जिला मण्डला का निवासी हूँ। यह कि मेरे नाना श्याम सुंदर चंद्रौल की ग्राम बम्हनी बंजर तहसील व जिला मण्डला में स्थित खसरा नंबर 811/7 कुल रकबा 0.907 हे. भूमि है। उक्त भूमि के कुल रकबे मे से 0.117 हे. रकबा दपूम रेल्वे छिंदवाडा-नैनपुर-मण्डला फोर्ट अमान परिवर्तन परियोजना के लिए सन 2011-2012 में अधीग्रहण किया गया था। शासन द्वारा अधीग्रहण की गई भूमि के एवज में पे मॅट्रिक, लेवल 17वां वेतनमान पद हेतु परिवार के एक सदस्य को रेल्वे में नौकरी देने की घोषणा की गयी थी जिसके दौरान मेरी मां ने नौकरी हेतु आवेदन दिया था। मेरी मां ने रेल्वे कार्यालय नागपुर और बिलासपुर के कई बार चक्कर काटे एवं अधिकारियों से नौकरी हेतु निवेदन भी की फिर भी रेल्वे विभाग द्वारा कार्यवाही नही कि गई और न ही उनको नौकरी मिल पाई यह कि रेल्वे के अधिकारीयों द्वारा मेरी मां से यह कह दिया गया की अब नौकरी देना बंद कर दिया गया है और रेल्वे की सारी प्रकिया बंद कर दी गई है। अधिकारीयों की बातें सुन कर मेरे मां सदमे और तनाव में आ गई। नौकरी न मिलने से परिवार के भरण-पोषण आदि समस्या से तनाव होने के कारण उनकी मृत्यु दिनांक 19.11.2025 को हो गई मांग है कि इस मामले की गहन जांच करवाकर मेरे परिवार को न्याय प्रदान करने एवं मुझे आश्रित को रेल्वे में नौकरी दिलवाने की दया करें।

प्रथम
जन्मोत्सव
खुशियों से भरी रहे जिंदगी हमेशा।



ईश्वर की असीम कृपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से हमारे पुत्र **अतिक्ष** एवं **कियांश** का आज प्रथम जन्मदिन है। आपका स्नेह एवं आशीर्वाद सदा बना रहे।
(दिनांक 14 दिसम्बर 2025, दिन-रविवार)
विनीत
**श्री अमित सोनी (पापा)**
**श्रीमती कीर्तिबाला सोनी (मॉं)**

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण**– 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीबास पिता/पति सनत श्रीबास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण** – 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर बिदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- बिदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर बिदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर बिदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर बिदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये वन विभाग द्वारा पौधों का किया वितरण

# नेशनल लोक अदालत में हुआ आपसी सहमति के बीच सैकड़ों प्रकरणों का निपटारा











हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

लोगों को आसानी से न्याय उपलब्ध कराने के लिये समय समय पर जिला विधिक सेवा द्वारा लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को स्थानीय न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ न्यायाधीश मा. श्रीमति संतोषी वासनिक जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा सिविल न्यायालय गाडरवारा में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुये किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मा. सूरज सिंह राठौड चतुर्थ जिला न्यायाधीश, मा राजेश कुमार तिवारी प्रथम जिला न्यायाधीश, मा. पंकज जायसवाल तृतीय जिला न्यायाधीश, मा. राम प्रकाश अहिरवार षष्ठम जिला न्यायाधीश, मा. अजय सिंह यादव अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, मा सुश्री कृतिका सिंह जे.एम.एफ.सी गाडरवारा, मा. विनय सोनी, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, मा. यश शर्मा अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कनिष्ठ खंड गाडरवारा के आलवा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिनेश बुधौलिया, उपाध्यक्ष गोपाल मेहरा व सचिव बसंत तपा सहित अन्य अधिवक्ता गण एवं बैंको के अधिकारी, विद्युत विभाग से आये हुये अधिकारियों के आलवा नगर पालिका एवं न्यायालय कर्मचारी स्टाप विधिक सेवा से पीएलबी मौजूद रहें। इस दौरान नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ करते हुये न्यायाधीशों ने कहा कि नेशनल लोक अदालत का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान करना है। इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा, जिनमें दीवानी वाद, वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना के मामले, बैंक रिकवरी और चेक बाउंस के मामले शामिल हैं। जिसमें बैंक बिजली विभाग नगर पालिका ने अपने स्टाल लगाए जहा आपसी समझौते के आधार पर लंबित प्रकरणो का निपटारा किया गया। आयोजित हुई लोक अदालत में बनी खंडपीठों द्वारा विभिन्न विभागों में चल रहे प्रकरणों का समझौते के साथ निराकरण किया नेशनल लोक अदालत के दौरान रखे गये प्रकरणों में 223 में से निराकृत प्रकरण 221 जिनकी राशि जमा हुई 2480504014 रूपया तथा लाभांवित व्यक्ति 448। इसी प्रकार से प्रिलिटिगेशन विद्युत प्रकरण रखे गये प्रकरण 120 में से निराकृत प्रकरण 120 तथा राशि जमा हुई 940000 रूपया और लाभांवित होने वाले लोगों की संख्या 120 रही। वही प्रिलिटिगेशन बैंक से संबंधित प्रकरण-रखे गये 5520 में से निराकृत हुये 12 और राशि जमा हुई 101600 रूपया तथा लाभांवित व्यक्ति 12, नगरपालिका सबंधी रखे गये प्रकरण रखे गये प्रकरण जल कर 300 निराकृत प्रकरण 250 जिसमें राशि जमा हुई 415000 लाभांवित व्यक्तियों की संख्या 250 रही। संपत्ति कर के 300 में से निराकृत हुये 248 और राशि जमा हुये 2566345 रूपया वही लाभांवित होने वाले व्यक्तियों की संख्या रही 248। इस तरह आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत के दौरान लगाये गये स्टालों पर जहां दिन भर भीड़ का आलम देखने मिला। वही दूसरी ओर समझौता होने वाले प्रकरण से संबंधित लोगो को वन विभाग द्वारा पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण किया गया।

# जैन मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले मलाई को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुये जप्त किये चांदी छत्र





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि यदि वर्दीधारी अपनी पर आ जावे तो अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले कानून की पकड़ से ज्यादा दूर भागने में सफल नही हो पाते है। इस बात को नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा साबित करते हुये लगभग एक सप्ताह पहले नगर के जैन मंदिर से छत्र चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ते हुये उसके पास के पास से चोरी किये गये छत्र जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते हुये दिवस नगर के राकेश जैन द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया था कि श्री दिगम्बर तारणतरण चैत्यालय जी जैन मंदिर गाडरवारा से श्री वेदी में लगा हुआ चाँदी का छत्र किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस तरह मंदिर से छत्र चोरी की घटना को नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा गंभीरता से लेते हुये प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331(4),305(a) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वही जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा जैन मंदिर गाडरवारा में हुई छत्र चोरी की घटना की गंभीरता से लेने के साथ साथ साथ आरोपी को अतिशीघ्र खोजने के आदेश जारी किये गये थें। इसी के चलते अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह चोरी के आरोपी को खोजने के लिये बनाई गई टीम में मुख्य रूप से टीआई विक्रम रजक के आलवा सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, करन सिंह को शामिल किया गया था। बनाई गई इस टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों का संकलन किया गया एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये जब चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्र की गई तो पता चला कि मलाई नामक व्यक्ति इस घटना को अंजाम दे सकता है। इस तरह मुखबिर की सूचना के आधार पर नगर के बस स्टैंड के पीछे संदिग्ध स्थिति में घुमते हुये सुमित उर्फ मलाई उर्फ समृद्व पिता सीताराम कोरी निवासी हनुमान वार्ड को संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो वह पहले किसी भी चोरी की घटना को अंजाम देने से इंकार करता रहा। मगर कहा जाता है कि यदि खाकी अपनी पर आ जाती है तो पत्थर भी सच बोलना शुरू कर देते है। इसी प्रकार से टीआई विक्रम रजक की टीम के सामने मलाई ज्यादा देर तक सच्चाई को छिपाने में असफल रहा और आखिरकार आरोपी द्वारा जैन मंदिर से चोरी की घटना को स्वीकार करते हुये पुलिस के समक्ष स्वीकार करते हुये बताया कि घटना दिवस की रात जैन मंदिर के दरवाजे की सांकल तोड़कर मंदिर में रखे चाँदी के 03 छत्र चोरी किये गये है। इस तरह टीआई विक्रम रजक की टीम द्वारा आरोपी के पास से नगर के जैन मंदिर से चोरी किये गये चांदी के छत्र जिनकी कीमत अनुमानित तौर से 16 हजार जप्त करते हुये आरोपी सुमित उर्फ मलाई उर्फ समृद्ध कोरी पिता सीताराम कोरी निवासी हनुमान वार्ड को गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेते हुये अन्य चोरी की घटनाओं में पूछताछ की जा रही है। इस तरह विक्रम रजक की टीम द्वारा नगर के श्री दिगम्बर तारणतरण चैत्यालय जी जैन मंदिर से चांदी के छत्र पार करने वाले आरोपी मलाई को गिरप्तार करने में सफलता हासिल की गई है।

# नगर सहित चीचली, सांईखेड़ा व सालीचौका में बनाये केन्दों पर आयोजित हुई जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शनिवार क्रो जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 मे सत्र 2026-27 मे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा नगर सहित समीपस्थ चीचली, सांईखेड़ा व सालीचौका यानि की कुल चयनित 6 परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की गई । उक्त परीक्षा मे शासकीय व अशासकीय स्कूलों के वर्तमान सत्र मे अध्ययनरत कक्षा 5 वी के पंजीकृत छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा हेतु क्षेत्र के साईंखेड़ा ब्लॉक के बच्चों के लिए बनाये गए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 288 में से 246 तथा नगर के बीटीआईं स्कूल गाडरवारा मे 288 में से 229 व शासकीय कन्या उ मा शाला गाडरवारा मे 256 में से 223 छात्र छात्राएं शामिल हुए। इसके अलावा चीचली ब्लॉक हेतु बनाये गए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय चीचली मे 288 में से 268 व शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 288 में से 267 एवं शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय गाडरवारा मे कुल 258 छात्र छात्राओ में से 230 छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहते हुये परीक्षा दी गई । बताया जाता है कि बीते हुये शनिवार क्रो आयोजित हुई परीक्षा का जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या के आलवा नवोदय प्राचार्य अरुण तिवारी, सहायक संचालक नीलम मरावी, सीमा डोंगरे ने लिपिक अमित पटैल के साथ निरीक्षण किया। बीटीआई स्कूल में प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल, आदर्श स्कूल में प्राचार्य एस के मिश्रा, शा क उ मा विद्यालय गाडरवारा में प्राचार्य सुशील शर्मा, उत्कृष्ट साईखेड़ा में प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में प्राचार्य भूपेश ठाकुर, शा क उ मा विद्यालय सालीचौका में प्राचार्य ए के रघुवंशी के निर्देशन में परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई। इस तहह प्रत्येक केंद्र पर नवोदय विद्यालय से एक शिक्षक सीएलओ के रूप में उपस्थित रहा। परीक्षा के सफल आयोजन में बीटीआई स्कूल में राजेश दुबे, आदर्श स्कूल में आर पी महिलाँग, कन्या शाला में के के दुबे, उत्कृष्ट चीचली में हेमंत शुक्ला,सत्यम ताम्रकार, काशीराम रजक, विनीत नामदेव, भारत ताम्रकार, शिवम नागा, उत्कृष्ट साईखेड़ा में मनीष शंकर तिवारी, रूप सिंह कुशवाहा, भानु राजपूत एवं कन्या विद्यालय सालीचौका में जगदीश मेहरा सहित पर्यवेक्षकों की अहम भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र छात्राएं अपने पालको एवं स्कूल के शिक्षकों के साथ केन्द्रो पर पहुंच गये थें।

## चीचली ब्लॉक के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश के चलते किया शासकीय स्कूलों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनपद पंचायत चीलची के अंतर्गत बीते हुये जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या के निर्देशों के परिपालन में चीचली ब्लॉक की शासकीय शालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के अंतर्गत विकास खंड चीचली की कन्या माध्यमिक शाला, माध्यमिक शाला बटेसरा, प्राथमिक शाला सलैया, प्राथमिक शाला पीपला टोला, प्राथमिक शाला भिंडवार, प्राथमिक शाला गोलगांव खुर्द, प्राथमिक शाला भटुआ टोला, एकीकृत माध्यमिक शाला स्टेशन गंज गाडरवारा, प्राथमिक शाला इंदिरा आवास चीचली, एकीकृत माध्यमिक शाला कान्हरगांव का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली नीलम मरावी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल, बीएसी अरुण दुबे एवं सभी जनशिक्षको द्वारा किया गया। इस निरीक्षण अंतर्गत प्राथमिक शाला भिंडवार में मुकेश ठाकुर प्राथमिक शिक्षक विगत चार दिवस से बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। तत्संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी चीचली द्वारा संबंधित शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी क्रम में बीआरसी डी के पटैल चीचली के द्वारा कन्या माध्यमिक शाला के निरीक्षण में शिक्षको के देरी से विद्यालय में उपस्थित होने पर अप्रसन्नता जाहिर की गईं एवं उन्हें समय पर उपस्थित के निर्देश दिए गए। बताया जाता है कि इस दौरान समस्त निरीक्षणकर्ताओं द्वारा इस निरीक्षण में एफएलएन वर्कबुक पर जांच कार्य, अर्द्ध वार्षिक परीक्षाओं के संचालन, संपादित हुए प्रश्न पत्रों के मूल्यांकन, पीएम पोषण आहार की गुणवत्ता, स्मार्ट क्लास तथा जिज्ञासु किट के उपयोग इत्यादि का आँकलन किया गया।

## फसल अवशेषों में आगजनी रोकने तथा फसल पतरोई, नरवाई के उचित प्रबंधन के उद्देश्य से संयुक्त दल ने कौडिया सहित क्षेत्र के गांवों का किया भ्रमण





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

खेतों में फसलो के अवशेषों को जलाने से होने वाली आगजनी को लेकर बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में उप संचालक कृषि मोरिस नाथ एवं सहायक यंत्री नरसिंहपुर सहित अन्य स्टाफ द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन में आगजनी की घटनाओं को रोकथाम के उद्धेश्य से और फसल अवशेष पतरोई, नरवाई के उचित प्रबंधन के प्रचार- प्रसार के लिए ग्राम कौड़िया, बोहानी, गाडरवारा व चीचली क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। बताया जाता है कि इस भ्रमण के दौरान दल के पानसिंह कौशल, आदित्य कुमार वैश्य, केपी सिंह, रामकरण पाटीदार, संतोष पटेल सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान ग्राम कौड़िया के अजय दीक्षित ने बताया कि बायो बिजली ग्रीन पावर लिमिटेड प्लांट सूकरी द्वारा फसल अवशेष जैसे गन्ने की पतरोई, धान, गेहूं की नरवाई आदि को किसानों के खेतों से निःशुल्क एकत्रित किया जाता है और प्लांट में लाकर बिजली बनाई जाती है। इस प्लांट द्वारा प्रति घंटा 10 मैगाटन बिजली निर्मित करती है। इससे जहां किसानों की फसल अवशेषों का उचित प्रबंध होता है तो वहीं पर्यावरण प्रदूषित नहीं होता है। इसी प्रकार ग्राम कौड़या से लगे ग्रामों चिर्रिया, महंगुवा, सुपारी सहित अन्य ग्रामों में चल रहे बेलर, रेकर मशीन से फसल अवशेषों के एकत्रीकरण के कार्य का अवलोकन किया। संजय स्ट्रा बेल एग्रीगेटर नर्मदापुरम के द्वारा गाडरवारा व करेली क्षेत्र में गन्ने की पयरोई- फसल अवशेष आदि एकत्रीकरण के लिए लाई गई 20 बेलर- रेकर मशीनों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात ग्रीन पावर इंडिया लिमिटेड चिरह कलां- गाडरवारा प्लांट का भ्रमण किया। उक्त प्लांट में फसलों के अवशेषों से पेलेट्स निर्माण किया जाता है, जो ईंधन के रूप में उपयोग आता है। हाईटेक कस्टम हायरिंग केंद्र संचालनकर्ता विवेक चौधरी के अत्याधुनिक मशीनों का भी निरीक्षण किया गया। किसानों के खेतों से अधिक फसल अवशेषों की एकत्रीकरण के निर्देश दिए। यशजी भारत ग्रीन एनर्जी प्लांट मोहपानी में फसल अवशेष प्रबंधन प्लांट का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली और बेहतर कार्य के लिए निर्देश दिए। उप संचालक कृषि नाथ ने बायो बिजली ग्रीन पॉवर लिमिटेड सूकरी कौड़िया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक ने अवगत कराया कि धान एवं गन्ना का बेलर के माध्यम से अवशेष एकत्रित किया जाता है।

# पुराने कालेज मैदान पर चल रहे कुस्ती दंगल में उमड़ रही भीड़, अलग अलग प्रांतों से आये पहलवान दिखा रहे जौहर







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्षो पहले नगर में पहवानी के चलते आयोजित होने वाले दंगलों ने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई गई थी। मगर समय के साथ यह आयोजन लगभग गायब होने की स्थिति में पहुंच चुका था। मगर नशा मुक्ति का संदेश देते हुये एकता मंच द्वारा जिस तरह नगर के पुराने कालेज खेल मैदान में दंगल का आयोजन कराया जा रहा है। उसके चलते लोगों में एक अनोखा उत्साह देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर नगर की पुरानी पहचान जहां एक बार ताजी होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। बताया जाता है कि 13 से 14 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले इस दंगल में अलग अलग प्रांतों से आये हुये पहलवान कुस्ती का प्रदर्शन करते हुये अपने जौहार दिखा रहे है। आयोजन स्थल पर कुस्ती देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ने से नही चूक रही है।

## जनपद पंचायत सांईखेड़ा में आयोजित हुआ चिन्हांकन एवं प्रशिक्षण शिविर में 89 दिव्यांगजनों को किया चिन्हित





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के तत्वाधान में एलिम्को द्वारा एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों का उपकरण प्रदाय करने के उद्देश्य से चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन बीते हुये शनिवार को जनपद पंचायत सांईखेड़ा आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में 89 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकित किया गया। शिविर में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को वाकिंग स्टिक, ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष छत्रपाल सिंह राजपूत के आलवा अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजू अहिरवार और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जर्जर होते हुये चली जा रही पुलिया की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान, किसी दिन बड़ी घटना का कारण बन सकती है पुलिया

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** अक्सर देखा जाता है कि जब किसी क्षेत्र में अच्छी सड़क की स्वीकृति प्रदान करते हुये सड़क निर्माण के लिये शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है तो उस क्षेत्र के लोग खुशी के मारे फूल नही समाते है। मगर शासन करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये बनाई जाने वाली सड़को का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता अपनाई जाती है उस समय किसी भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह सड़क निश्चित ही चंद दिनों में ही अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा से उदयपुरा होते हुये प्रदेश की राजधानी जाने वाले स्टैट हाईबे स्तर के मार्ग पर भी आसानी से देखने मिल रही है, क्योंकि बीते हुये कुछ वर्ष पहले जब ग्राम पिठहरा से उदयपुरा की ओर जाने वाले इस मार्ग पर झिकोली के पास नर्मदा नदी में पुल का निर्माण हो जाने के कारण इस मार्ग की उपयोगिता अपने आप ही बढ़ गई थी। इसी के चलते इस मार्ग को प्रदेश स्तर के मार्ग में शामिल करते हुये शासन द्वारा कुछ साल पहले करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया था। मगर इस मार्ग का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क निर्माण के दौरान वर्षो पुरानी पुलिया को पुनः निर्माण करने की जगह उसी पुलिया के ऊपर से सड़क का निर्माण करने में कोई कसर छोड़ी गई थी। इस सच्चाई को लेकर लगातार उस समय आवाज उठाये जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि गाडरवारा सांईखेड़ा के बीच ग्राम पिठहरा के समीप पूर्व में संचालित होने वाली हेदर शुगर मिल के पास वाली यह पुलिया लगातार जर्जर स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रहे है, इस संबंध में कुछ समाज सेवियों द्वारा बीते हुये दिसम्बर माह 18 में जिला कलेक्टर को एक आवेदन देते हुये इस ओर ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास भी किया गया था। मगर इसके बाद भी लगातार खस्ता हाल स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रही इस पुलिया की ओर ध्यान नही दिया गया जिसके चलते निश्चित ही किसी दिन यह पुलिया क्षेत्र के एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि यह मार्ग प्रदेश स्तर का होने के कारण यहां से प्रतिदिन सैकड़ो भारी वाहनों की धमाचौकड़ी मची रहना आम बात हो चुकी है।

# ठंड से जूझते लोगों के बीच पहुँचीं कलेक्टर, व्यवस्थाओं को किया दुरुस्त...समस्या पर सीधे फोन करने साझा किया मोबाइल नंबर



**डिंडौरी।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए कलेक्टर भदौरिया ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए देर रात लगभग 10 बजे नगर के विभिन्न स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने के बावजूद कलेक्टर स्वयं रैन बसेरों, बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुँचीं और ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भदौरिया रैन बसेरा धर्मशाला, मुख्य बस स्टैंड, मंडला बस स्टैंड, नर्मदा डैम घाट, गुजराती धर्मशाला, बिलैया धर्मशाला एवं पुरानी डिंडौरी स्थित रैन बसेरों में पहुँचीं। उन्होंने वहाँ ठहरे लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएँ जानीं और आवश्यक व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने नेपाल के जुमला जिले से जड़ी-बूटी बेचने आए नागरिकों से भी मुलाकात की। उन्होंने उनका हाल-चाल जाना, ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे संपर्क के लिए अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया।नर्मदा नदी किनारे स्थित गुजराती धर्मशाला में कलेक्टर ने नासिक, जबलपुर, ओंकारेश्वर, उज्जैन, रायसेन, नर्मदापुरम, सुहागपुर, गुजरात, खंडवा एवं नेपाल से आए परिक्रमा वासियों से चर्चा की। उन्होंने परिक्रमा मार्ग पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और ठंड से बचाव के लिए चादर, कंबल तथा विश्राम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए नगर में लकड़ी एवं जलावन की पर्याप्त व्यवस्था कराई गई है। बस स्टैंड, नर्मदा घाट, विभिन्न धर्मशालाओं, रैन बसेरों और प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी राहगीर, यात्री या परिक्रमा वासी को ठंड से परेशानी न हो। रुकने और आराम की भी पर्याप्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी, तहसीलदार राम प्रसाद मार्को सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री प्रतिभा बागरी का जिला दौरा आज



**डिंडौरी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री प्रतिभा बागरी आज जिले के प्रवास पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री सुबह 8:30 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर 11:30 बजे डिंडोरी सर्किट हाउस पहुंचेंगी। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे वे पत्रकार वार्ता में शामिल होकर नगरीय विकास से जुड़े विषयों पर जानकारी देंगी। राज्यमंत्री के जिले प्रवास के दौरान नगरीय निकायों की योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1:30 बजे राज्यमंत्री डिंडौरी से जबलपुर के लिए रवाना होंगी। राज्यमंत्री के प्रवास को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सामूहिकता एवं जन सहभागिता से किया गया बोरी बांध निर्माण



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में ग्राम झरना घुघरी में सकराही नाला के जूनहा पानी में लगभग 35 बोरी का कच्चा बांध निर्माण किया गया। इसके पूर्व विकासखंड समन्वयक द्वारा जल संगोष्ठी का आयोजन कर जल के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जिसमें कहा गया कि ग्रामवासी शासन के निर्भर न होकर स्वयं से श्रमदान के माध्यम से सामूहिकता एवं सहभागिता से गांव के छोटे-छोटे जल स्रोतों को बांधकर जल रोकने हेतु कहा गया। जिससे क्षेत्र का जलस्तर ऊपर रहे तथा ग्रामवासियों को निस्तार, मवेशियों एवं पशु पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके। संगोष्ठी के पश्चात उपस्थित ग्रामवासियों ने श्रमदान से लगभग 35 बोरियों का बांध बनाकर जल रोका गया। इसी तरह विकासखंड अमरपुर के ग्रामों में जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के स्वैच्छिक प्रयास से 31 दिसंबर तक अभियान के रूप में श्रमदान के माध्यम से कच्चा अस्थाई एवं बोरी बांध का निर्माण कर जल रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बाल विकास विद्या मंदिर से अरविंद यादव, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम परामर्शदाता राधेश्याम वनवासी एवं छात्र-छात्राएं तथा ग्राम विकास प्रेस समिति से सुकिरत धुर्वे, देव सिंह, फगनी बाई पंचायत स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आगामी 17 दिसंबर से ग्राम बिजौरी में ओपन एवं ग्रामीण व्हालीवाल प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** स्वराज्य क्लब बिजौरी ग्राम पंचायत रामगढ़ विकासखंड अमरपुर के तत्वावधान में आगामी 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक बिजौरी माल स्कूल टोला में तीन-दिवसीय ओपन एवं ग्रामीण ब्हालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें ओपन प्रथम विजेता टीम को 12 हजार रुपए नकद व शील्ड, दृतीय विजेता टीम को 7 रूपए नगद व शील्ड एवं तृतीय विजेता टीम को 1500 रूपए नगद व शील्ड वहीं ग्रामीण विजेता टीम को 6 हजार रुपए नकद व शील्ड, दृतीय विजेता टीम को 3 रूपए नगद व शील्ड एवं तृतीय विजेता टीम को 1 हजार रुपए नकद व शील्ड प्रदान किया जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता में इच्छुक टीमें ओपन प्रतियोगिता में 200 रूपए एवं ग्रामीण प्रतियोगिता में 100 रूपए इंट्री फीस जमा कर भाग ले सकते हैं।

## शहपुरा नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा जिले के 21 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न, 5739 पंजीकृत



**डिंडौरी ।** जिले के शहपुरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा जिलेभर में बनाए गए 21 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा के लिए कुल 5739 बच्चों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा के दौरान प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।परीक्षा के समय जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय शहपुरा के प्राचार्य हर्ष प्रताप सिंह ने शहपुरा के नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मेंहदवानी स्थित परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य दीदी सोनी के साथ स्कूल परिसर एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गईं।प्राचार्य हर्ष प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 5739 बच्चे पंजीकृत थे, जिनमें से 2675 छात्राएं एवं 2629 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में कुल 435 बच्चे अनुपस्थित रहे, जिनमें 226 छात्र और 209 छात्राएं शामिल हैं।परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर डिंडौरी के निर्देश पर सभी 21 परीक्षा केंद्रों के लिए उड़न दस्ता गठित किया गया था। उड़न दस्तों की सतत निगरानी में परीक्षा प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक पूर्ण कराई गई।

### पैदल खेत जा रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक सोनू लाल वनवासी शनिवार सुबह खेत की ओर पैदल जा रहे थे, इसी दौरान मिडिल स्कूल के आगे सड़क पर एक लापरवाही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी।घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र राम कुमार वनवासी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि घटना दिनांक 13 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे की है। उनके पुत्र राजकपूर वनवासी ने सड़क पर घायल पड़े दादा को देखा और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर सोनू लाल के मुंह और नाक से खून निकल रहा था तथा शरीर में कई जगह गंभीर चोटें थीं।परिजनों द्वारा पहले उन्हें किसलपुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां से 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल डिंडौरी रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दोपहर करीब 1:05 बजे सोनू लाल वनवासी ने दम तोड़ दिया।रिपोर्ट के अनुसार, हादसे में शामिल मोटरसाइकिल का नंबर **MP**52**ZA** 9657 बताया गया है, जिसका चालक घटना के बाद फरार हो गया।

## आपसी सुलह से नेशनल लोक अदालत में 364 प्रकरणों का निराकरण, 90.08 लाख का अवार्ड पारित



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिंडौरी श्रीमती शशिकान्ता वैश्य के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती शशिकान्ता वैश्य, कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ श्री यू.के. पटेरिया द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती शशिकान्ता वैश्य ने कहा कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक अनादरण, राजीनामा योग्य आपराधिक व दीवानी प्रकरणों के साथ-साथ बैंक ऋण वसूली, विद्युत, दूरभाष बिल तथा नगरपालिका कर संबंधी मामलों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण किया जाता है।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने नेशनल लोक अदालत के आयोजन की सराहना करते हुए इसे आमजन को सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाने की प्रभावी पहल बताया।

### प्रकरणों का विवरण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री आशीष केशरवानी ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों के 327 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए 78,02,149 का अवार्ड पारित किया गया। वहीं प्री-लिटिगेशन श्रेणी के 37 प्रकरणों में 12,06,375 की राशि वसूल की गई। इस प्रकार कुल 364 प्रकरणों में 90,08,524 का अवार्ड पारित हुआ।

लोक अदालत बनी परिवार बचाने का माध्यम

लोक अदालत की एक उल्लेखनीय सफलता में पति-पत्नी के आपसी विवाद को सुलह के माध्यम से समाप्त कराया गया, जिससे एक परिवार टूटने से बच सका। दोनों पक्षों ने आपसी समझौते के बाद एक-दूसरे को माला पहनाकर प्रकरण समाप्त किया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में भी पति-पत्नी के बीच सुलह कराते हुए उन्हें पुनः साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया। दोनों मामलों में दंपतियों को स्मृति स्वरूप पौधे भेंट किए गए।

### उपस्थित रहे अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

कार्यक्रम में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, अधिवक्ता संघ, डिफेंस काउंसिल टीम, विभागीय अधिकारी, बैंक, नगरपालिका, विद्युत विभाग के प्रतिनिधि, न्यायालयीन कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां, मेंहदवानी जनपद पंचायत परिसर में शौचालय पर ताला





**शहपुरा।** एक ओर सरकार देशभर में स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता पखवाड़ा चलाकर आमजन को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर डिंडोरी जिला के मेंहदवानी जनपद पंचायत मुख्यालय में हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। यहां सामुदायिक शौचालय ताले में बंद पड़ा है, और हैरानी की बात यह है कि उसी शौचालय की बाजू में बना कचरा खाना पूरी तरह गंदगी का अंबार बन चुका है। चारों ओर फैला कचरा और गंदा पानी न सिर्फ वातावरण को दूषित कर रहा है, बल्कि संक्रमण और बीमारियों को भी खुला न्योता दे रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरा खाना बनने के बाद से आज तक न तो यहां नियमित सफाई कराई गई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने पलटकर देखने की जहमत उठाई। स्वच्छता सिर्फ कागजों तक?कचरा खाना बदहाली की स्थिति में,न कोई सफाई कर्मी,न कोई निगरानी व्यवस्था यह हालात साफ बताते हैं कि स्वच्छता अभियान सिर्फ फाइलों और फोटो सेशन तक सीमित रह गया है।

### नियमों की खुलेआम अनदेखी

स्वच्छ भारत मिशन और पंचायत राज अधिनियम के तहत सार्वजनिक शौचालय का नियमित संचालन, कचरा संग्रहण स्थल की दैनिक सफाई,कचरे का वैज्ञानिक निपटान स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विशेष निगरानी अनिवार्य है, लेकिन मेंहदवानी जनपद पंचायत में इन नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।सबसे बड़ा सवाल यही है किक्या जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इस गंदगी को नहीं देखते?स्वच्छता पखवाड़ा सिर्फ दिखावे के लिए?,कब होगी जिम्मेदारों पर कार्रवाई?ग्रामीणों व आम नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल शौचालय का ताला खोला जाए, कचरा खाने की नियमित सफाई कराई जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। अब देखना यह होगा कि खबर सामने आने के बाद प्रशासन चेतता है या फिर स्वच्छता अभियान यूं ही मजाक बनकर रह जाएगा।



## मेहंदवानी में मढ़ई का आयोजन, आस्था और परंपरा का उमड़ा जनसैलाब

### हवाई झूला बना मेले का मुख्य आकर्षण



**शहपुरा।** डिंडोरी जिले के मेहंदवानी मुख्यालय में ऐतिहासिक मढ़ई का भव्य आयोजन किया गया, जहां आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पारंपरिक मेले में आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित दूर-दराज़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे और मढ़ई का भरपूर आनंद उठाया। मढ़ई के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। पूजा-अर्चना, परंपरागत रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक गतिविधियों के चलते मेला स्थल दिनभर गुलजार रहा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में लगे झूले, विशेषकर हवाई झूला, आकर्षण का केंद्र रहा, जहां बच्चों के साथ-साथ युवाओं की भी भारी भीड़ नजर आई। वहीं खानपान के स्टॉलों और दुकानों पर दिनभर लोगों की चहल-पहल बनी रही।श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ के चलते मेहंदवानी मुख्यालय में रौनक देखते ही बन रही थी। स्थानीय प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के प्रयास किए गए।कुल मिलाकर मेहंदवानी की यह ऐतिहासिक मढ़ई आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई।

## एक बगिया मां के नाम परियोजना से महिला हितग्राही हो रहीं सशक्त



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में एक बगिया मां के नाम उपयोजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस उपयोजना के माध्यम से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं को पात्र हितग्राही के रूप में चयनित किया गया है, जिनके पास न्यूनतम आधा एकड़ भूमि उपलब्ध है।उपयोजना की सफलता के लिए महिला हितग्राहियों की सहायता हेतु कृषि सखियों की नियुक्ति की गई है, जो समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन, जागरूकता एवं आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से पौधारोपण एवं बगिया के रखरखाव संबंधी प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि सीधे महिला हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रदान की जा रही है। हितग्राही अपनी बगिया में श्रम कर मजदूरी प्राप्त कर रही हैं तथा योजना में प्रावधानित राशि के अनुसार उपयुक्त पौधों के साथ खाद, पोल फेंसिंग सहित अन्य आवश्यक सामग्री का क्रय स्वेच्छा से कर रही हैं। समूह की महिलाएं स्वयं अपने-अपने प्रोजेक्ट के लिए सामग्री क्रय कर योजना का संचालन कर रही हैं।शासन द्वारा जिले के प्रत्येक विकासखंड में 100-100 महिला हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सिपरी एप के माध्यम से चयनित हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। डिंडोरी जिला आम एवं नींबू उत्पादन के लिए उपयुक्त पाए जाने के कारण महिला हितग्राही अपनी बगिया में आम और नींबू के पौधे रोपित कर योजना से लाभान्वित हो रही हैं।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सामुदायिक एवं विद्यालय स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर में 100 बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शालाओं एवं समुदाय स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम कर समाज में जागरूकता बढ़ाना है।इसी क्रम में परियोजना डिंडौरी के सेक्टर नूनखान अंतर्गत सामुदायिक गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय महिलाओं को बाल विवाह नहीं करने, इसके सामाजिक-स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि बाल विवाह बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधक है तथा यह एक दंडनीय अपराध है।

साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूनखान में छात्राओं हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा सभी छात्राओं ने "बाल विवाह नहीं करेंगे और न होने देंगे" की सामूहिक शपथ ली।कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक संगीता चौधरी , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षकगण एवं समुदाय की महिलाएँ उपस्थित रहीं।जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक यह संदेश पहुँचाया जा रहा है कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसे रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

